न्यायालय उपखण्ड अधिकारी जोबनेर (जयपुर ग्रामीण)

पीठासीन अधिकारी अभिमन्यु सिंह कुन्तल आर0ए0एस0

वाद पत्र संख्या– 13 / 2024

1. कन्हैयालाल पुत्र भंवरलाल
2. बंशीलाल पुत्र भंवरलाल
3. भंवरीदेवी पत्नी भंवरलाल

समस्त जाति कुम्हार (कुमावत) निवासीयान आसलपुर तह0 जोबनेर जि0 जयपुर।

प्रार्थीगण

बनाम

राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार, तहसील जोबनेर।

अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र धारा 136 रा0भू0राजस्व अधिनियम 1956

उपस्थितः– 1. श्री रामावतार सिंह, विद्वान अधिवक्ता वास्ते प्रार्थीगण।
2. सरकार पैरोकार

निर्णय दिनांकः–16.08.2024

प्रार्थीगण द्वारा प्रार्थना पत्र धारा 136 रा0भू0राजस्व अधिनियम 1956 इस आशय का पेश किया गया है कि वाकै राजस्व ग्राम आसलपुर पटवार हल्का आसलपुर, भू0अभि0नि0क्षेत्र आसलपुर तहसील जोबनेर जिला जयपुर राजस्थान में स्थित है। जिसके अराजी ख0न0 373 रकबा 0.0506 है0, ख0न0 372 रकबा 1.4932 है0 ख0न0 368 रकबा 1.4795 है0 है, जिसमें प्रार्थीगण खातेदार है। उक्त आराजीयात का जमाबंदी में रकबा क्षेत्रफल सही है। जिसका क्षेत्रफल ऑनलाईन राजस्व नक्शे बनने से पूर्व सही था, किन्तु ऑनलाईन जमाबंदी में रकबा सही किया गया। परन्तु राजस्व नक्शा ऑनलाईन किया गया, उसमें उक्त आराजीयात का रकबा परिवर्तन कर दिया गया। जब प्रार्थी की आराजीयात का तकासमा की प्राथमिक डिक्री हेतु पटवारी हल्का मौके पर गया तो उसने राजस्व नक्शे में हुई त्रुटि के बारे में प्रार्थीगण को बताया तथा नक्शे कुरेजात बनाने में असमर्थता जाहिर की। प्रार्थीगण ने सेटलमेन्ट व वर्तमान ऑनलाईन राजस्व नक्शे का मिलान किया तो जानकारी हुई की ऑनलाईन नक्शा बनाने में सहवन से आराजीयात के रकबे

उपखण्ड अधिकारी
जोबनेर जयपुर

में परिवर्तन कर दिया गया। जिसे दुरूस्त करने के लिए जब प्रार्थीगण ने तहसीलदार जोबनेर एवं पटवारी हल्का को निवेदन किया तो उक्त नक्शे में दुरूस्ती के लिए न्यायालय से आदेश लाने की हिदायत दी गयी। इसलिए प्रार्थना पत्र पेश किया गया। अतः प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर आराजी ख0न0 373 रकबा 0.0506 है0, ख0न0 372 रकबा 1.4932 है0 ख0न0 368 रकबा 1.4795 है0 के राजस्व नक्शे में सेटलमेन्ट के नक्शे के अनुसार दुरूस्ती फरमाये जाने की कृपा करें।

प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया गया। तहसीलदार जोबनेर द्वारा जवाब/रिपोर्ट दिनांक 13.06.2024 को पेश की गयी। रिपोर्ट के साथ संलग्न पटवारी रिपोर्ट के अनुसार ग्राम आसलपुर के हाल जमाबंदी के खाता संख्या 425 के आराजी ख0न0 368 रकबा 1.4795 है0 ख0न0 370 रकबा 0.0379 है0 गै0मु0 चाह ख0न0 371 रकबा 0.7334 है0, ख0न0 372 रकबा 1.4932 है0 कुल किता 4 कुल रकबा 3.7429 हे0 खातेदारान कन्हैयालाल पुत्र भंवरलाल हिस्सा 91/1200 वगै0 के नाम दर्ज रिकार्ड है। खाता संख्या 508 आराजी ख0न0 373 रकबा 0.0506 है0 गै0मु0 चाह खातेदारान अशोक पुत्र जवहरी लाल हिस्सा 1/54 वगै0 के नाम दर्ज रिकार्ड है। ग्राम आसलपुर की जमाबंदी संवत 2071 से 2074 की खाता संख्या 436 में आराजी खसरा नं0 368 रकबा 5 बीघा 17 बिस्वा, ख0नं0 370 रकबा 3 बिस्वा गै0मु0 चाह, ख0नं0 371 रकबा 2 बीघा 18 बिस्वा, ख0नं0 372 रकबा 5 बीघा 18 बिस्वा किता 4 कुल रकबा 14 बीघा 16 बिस्वा खातेदारान मोहरीलाल, श्रवणलाल पिता गुल्लाराम वगै0 के नाम दर्ज रिकार्ड है। खाता संख्या 522 में खसरा नं0 373 रकबा 4 बिस्वा गै0मु0 चाह खातेदारान रामेश्वर पुत्र सुवा वगै0 के नाम दर्ज रिकार्ड है। लठ्ठाशीट ग्राम आसलपुर की शीट नं0 2 में आराजी खसरा नं0 368, 370, 371, 372, 373 शीट नं0 4 के मिलान पर स्थित है। तथा खसरा नं0 368,372 एवं 373 शीट नं0 4 के मिलान हेतु दक्षिण सीमा से खुले है। हाल नक्शा शीट नं0 5 में खसरा नं0 368, 370, 371, 372, 373 स्थित हैं। हाल नक्शा शीट में खसरा नं0 373 रकबा 0.0506 गै0मु0 चाह एक कुआं ना होकर खेत के रूप में नक्शे में दर्ज है। खसरा नं0 368, 370, 371, 372, 373 का मौका देखने पर पाया कि 371 एक खेत तथा 368, 372 व 373 एक खेत के रूप में मौके पर है। तथा मौके पर दो कुएं बने हुए है। इस प्रकार खसरा नं0 368, 370, 371, 372, 373 का राजस्व रिकार्ड व मौके का अवलोकन करने पर पाया कि खसरा नं0 373 रकबा 0.0506 हे0 गै0मु0 चाह एक कुएं के रूप में मौके पर ना होकर खेत के रूप में आज की नक्शा शीट में बना हुआ है तथा गत

उपखण्ड अधिकारी
जोबनेर जयपुर

लठ्ठाशीट नं0 2 में दक्षिण भाग जो कि शीट नं0 4 से मिलान होता है, तीन तरफ से खुला है।

वकील प्रार्थी की बहस सुनी गई। वकील प्रार्थी ने अपने प्रार्थना पत्र में दर्ज तथ्यों को ही दोहराया है। हमने बहस वकील प्रार्थी पर मनन किया, राजस्व रिकार्ड का अवलोकन किया। तहसीलदार जोबनेर की जवाब/मौका रिपोर्ट के साथ संलग्न पटवारी रिपोर्ट में पटवारी द्वारा बनाये गये नजरी नक्शे का अवलोकन किया गया। मिलान शीट नं0 2 एवं 4 का अवलोकन करने से यह स्पष्ट है कि खसरा नं0 373 एक कुए के रूप में दर्ज है। जो कि पश्चात्वर्ती क्रम राजस्व नक्शे को ऑनलाईन करते समय त्रुटिवश एक खेत के रूप में दर्ज हो गया। जिसे शुद्ध किया जाना न्यायोचित प्रतीत होता है।

क्रियात्मक आदेश

प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर वाकै ग्राम आसलपुर के आराजी खं0न0 368, 372, 373 के वर्तमान राजस्व नक्शे में सेटलमेन्ट लठ्ठाशीट नं0 2 एवं 4 के अनुसार रकबा दुरूस्त करने के आदेश प्रदान किये जाते हैं। मुताबिक निर्णय तहसीलदार जोबनेर को तहरीर भेजी जावे।

निर्णय आज दिनांक 16.08.2024 को टंकित कराया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(अभिमन्यु सिंह कुन्तल)
उपखण्ड अधिकारी
जोबनेर (जयपुर ग्रामीण)